# हिंदी (201)
# शिक्षक अंकित मूल्यांकन-पत्र
# (सत्र 2024-2025)

कुल अंक : 20

टिप्पणी: (i) सभी प्रश्नों के उत्तर देने अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

(ii) उत्तर पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर ऊपर की ओर अपना नाम, अनुक्रमांक, अध्ययन केंद्र का नाम और विषय स्पष्ट शब्दों में लिखिए।

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए:- (2)

(क) "रॉबर्ट नर्सिंग होम में" पाठ का मूल संदेश क्या है? अपने शब्दों में लिखें।

(देखें पाठ-5)

(ख) आपने 'उनको प्रणाम' कविता पढ़ी। इस कविता में 'जिनकी धुन का कर दिया अंत' पंक्ति से कवि का क्या आशय है? स्पष्ट करें।

(पाठ-20 देखें)

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए:- (2)

(क) 'इसे जगाओ' कविता में 'सपनों में खोए रहने' तथा 'सपने देखने' में अंतर किया गया है। आप अपने भविष्य को सँवारने के लिए जो सपने देखते हैं, उन्हें पूरा करने के लिए क्या रूपरेखा बनाएँगे?

(देखें पाठ-12)

(ख) 'अपना पराया' पाठ पढ़कर आप स्वस्थ रहने के बारे में और अधिक सतर्क हो गए होंगे। अपने परिवार और पड़ोस के लोगों को इस बारे में जागरुक बनाने के लिए कोई दो सुझाव प्रस्तुत करें और यह भी प्रस्तुत करें कि इन सुझावों के पालन से इस कार्य में कैसे सहायता मिलेगी।

(देखें पाठ-16)

**For Solutions**
**Contact: Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

3. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए:- (2)

(क) 'बीती विभावरी जाग री' कविता में क्या प्रमुख है- प्रकृति-चित्रण या राष्ट्रीय उद्बोधन? अपने उत्तर के समर्थन में दो तर्क प्रस्तुत कीजिए।

(पाठ: 17)

(ख) 'अपना पराया' पाठ में त्वचा को शरीर रूपी दुर्ग की बाहरी दीवार कहा गया है। क्या आप इस कथन से सहमत हैं? दो बिंदुओं की सहायता से स्पष्ट करें।

(देखें पाठ-16)

4. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 100-150 शब्दों में दीजिए:- (4)

(क) 'इसे जगाओ' कविता में सही क्षण में सजग होने के महत्त्व का उल्लेख है। अपने किसी विशिष्ट अनुभव का उल्लेख करते हुए इस कथन को सिद्ध कीजिए।

(देखें पाठ-12)

(ख) गिल्लू' पाठ के आधार पर स्पष्ट करें कि मानव और पशु-पक्षी एवं प्रकृति के बीच एक सौहार्दपूर्ण संबंध बनाने में आपका क्या कर्तव्य है? ऐसे दो सुझाव प्रस्तुत करें जिससे मानव और प्रकृति के बीच सम्बंध सौहार्दपूर्ण बनाने में सहायता मिल सकती है।

(पाठ-3 देखें)

5. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 100-150 शब्दों में दीजिए:- (4)

(क) 'भारत की ये बहादुर बेटियाँ' महिलाओं की अभूतपूर्व उपलब्धियों को व्यक्त करता हुआ फीचर है। पाठ में शामिल किन्हीं दो महिलाओं की उपलब्धियों की विवेचना कीजिए।

(पाठ-6 देखें)

(ख) आपने 'पढ़ें कैसे' पाठ पढ़ा है। यदि आप 'बीती विभावरी जाग री' कविता और 'रॉबर्ट नर्सिंग होम में' गद्य पाठ पढ़ रहे हैं तो इनको पढ़ने की प्रक्रिया में आप क्या अंतर अनुभव करते हैं? पद्य और गद्य को समझने लिए किन मुख्य बिंदुओं का ध्यान रखेंगे?

(पाठ-10 देखें)

**For Solutions**
**Contact: Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

6. निम्नलिखित में से कोई एक परियोजना कीजिए:- (6)

(क) आधुनिक हिंदी के किन्हीं पाँच रचनाकारों के व्यक्तित्व और कृतित्व की समीक्षा करते हुए चित्र सहित उनके जीवनवृत्त और कृतित्व को संक्षेप में प्रस्तुत करें।

(ख) हिंदी के दो समाचारपत्रों के किन्हीं पाँच समाचारों का चयन कीजिए। अंगों के अनुसार शीर्षक देते हुए इन समाचारों को वर्गीकृत करें और उनपर संक्षिप्त टिप्पणी भी प्रस्तुत करें।

**For Solutions**
**Contact: Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**